**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1682**

**उत्तर देने की तारीख: 10.02.2026**

**पीएम दक्ष योजना**

**1682. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**
**श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:**
**श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:**
**डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे:**
**श्री ज्ञानेश्वर पाटील:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान पीएम-दक्ष योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या राज्य-वार कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों तथा दादरा और नगर हवेली संघ राज्यक्षेत्र में पीएम-दक्ष योजना के अंतर्गत आवंटित, जारी और उपयोग की गई कुल धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद सफलतापूर्वक रोजगार प्राप्त करने वाले प्रशिक्षित लाभार्थियों की संख्या, वर्ष-वार और महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश तथा दादरा और नगर हवेली सहित राज्य एवं संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री बी.एल. वर्मा)**

**(क):** प्रधानमंत्री दक्षता और कुशलता संपन्न हितग्राही योजना (पीएम-दक्ष) पैनलबद्ध प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, ईडब्ल्यूएस, विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों (डीएनटी), कचरा बीनने वालों सहित सफाई कर्मचारियों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। पीएम-दक्ष योजना के तहत, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम (एनएसएफडीसी) अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करता है, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/डीएनटी लाभार्थियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करता है तथा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त और विकास निगम

(एनएसकेएफडीसी) कचरा बीनने वालों सहित सफाई कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करता है।

वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक एनएसएफडीसी, एनबीसीएफडीसी और एनएसकेएफडीसी के संबंध में योजना के तहत प्रशिक्षित और रोजगार प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की राज्यवार संख्या **संलग्नक-I** में दी गई है। 2024-25 से पीएम-दक्ष योजना को कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) की प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के साथ विलय करने का निर्णय लिया गया है।

**(ख)**: चूंकि पीएम-दक्ष योजना एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है, इसलिए निधियां राज्य-वार आबंटित नहीं की जाती हैं। इस योजना के अंतर्गत, कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों में जारी की गई निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है -

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|
| | | जारी/उपयोग की निधि (रुपये लाख में) | जारी/उपयोग की निधि (रुपये लाख में) | जारी/उपयोग की निधि (रुपये लाख में) |
| 1 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | मध्य प्रदेश | 517.98 | 552.70 | 2397.95 |
| 3 | महाराष्ट्र | 253.72 | 136.09 | 1625.03 |
| **कुल** | | **771.70** | **688.79** | **4022.98** |

**(ग)**: योजना के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की राज्य-वार संख्या प्रश्न के भाग (क) के उत्तर में दे दी गई है।

**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर, श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे, श्री निलेश ज्ञानदेव लंके, डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे तथा श्री ज्ञानेश्वर पाटील द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1682 जिसका उत्तर दिनांक 10.02.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक-I:**

| राज्यवार विवरण- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **2021-22** | | **2022-23** | | **2023-24** | |
| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्ति** | **रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति** | **प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्ति** | **रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति** | **प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्ति** | **रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति** |
| आंध्र प्रदेश | 675 | 555 | 429 | 337 | 190 | 40 |
| असम | 250 | 171 | 633 | 437 | 1198 | 637 |
| बिहार | 1187 | 897 | 424 | 204 | 841 | 57 |
| चंडीगढ़ | 0 | 0 | 110 | 78 | 0 | 0 |
| छत्तीसगढ़ | 243 | 181 | 75 | 57 | 153 | 0 |
| दिल्ली | 111 | 60 | 191 | 148 | 143 | 42 |
| गोवा | 0 | 0 | 100 | 70 | 0 | 0 |
| गुजरात | 514 | 404 | 170 | 149 | 266 | 76 |
| हरियाणा | 545 | 409 | 315 | 235 | 669 | 232 |
| हिमाचल प्रदेश | 210 | 142 | 359 | 235 | 300 | 189 |
| जम्मू-कश्मीर | 270 | 211 | 527 | 352 | 180 | 42 |
| झारखंड | 300 | 161 | 230 | 169 | 373 | 30 |
| कर्नाटक | 843 | 639 | 350 | 272 | 925 | 49 |
| केरल | 313 | 247 | 90 | 66 | 25 | 25 |
| लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 30 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 1247 | 1009 | 1605 | 1158 | 6231 | 2210 |
| महाराष्ट्र | 753 | 531 | 417 | 311 | 3773 | 1807 |
| मणिपुर | 109 | 73 | 143 | 92 | 0 | 0 |
| ओडिशा | 555 | 410 | 90 | 70 | 385 | 0 |
| पुडुचेरी | 17 | 13 | 0 | 0 | 30 | 0 |
| पंजाब | 1124 | 885 | 1189 | 907 | 1038 | 327 |
| पंजाब | 798 | 597 | 495 | 380 | 2989 | 438 |
| तमिलनाडु | 505 | 398 | 235 | 177 | 1415 | 469 |
| तेलंगाना | 279 | 145 | 60 | 51 | 510 | 303 |
| त्रिपुरा | 90 | 63 | 80 | 64 | 202 | 16 |
| उत्तर प्रदेश | 3749 | 2655 | 947 | 667 | 8144 | 1897 |
| उत्तराखंड | 309 | 206 | 187 | 113 | 570 | 164 |
| पश्चिम बंगाल | 1399 | 1021 | 923 | 640 | 80 | 60 |
| **कुल योग** | **16,395** | **12,083** | **10,374** | **7,439** | **30,660** | **9,110** |

| राज्यवार विवरण- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
| | प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्ति | रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति | प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्ति | रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति | प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्ति | रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति |
| आंध्र प्रदेश | 653 | 422 | 690 | 85 | 120 | 22 |
| असम | 1332 | 1013 | 724 | 490 | 1896 | 232 |
| बिहार | 1399 | 848 | 1400 | 543 | 882 | 536 |
| छत्तीसगढ़ | 390 | 279 | 324 | 237 | 440 | 23 |
| दिल्ली | 179 | 132 | 136 | 100 | 55 | 30 |
| गोवा | 0 | | 25 | 16 | 0 | 0 |
| गुजरात | 854 | 618 | 450 | 297 | 295 | 58 |
| हरियाणा | 419 | 267 | 427 | 257 | 740 | 434 |
| हिमाचल प्रदेश | 120 | 93 | 380 | 241 | 360 | 268 |
| जम्मू-कश्मीर | 495 | 366 | 446 | 260 | 770 | 445 |
| झारखंड | 515 | 362 | 531 | 340 | 415 | 285 |
| लद्दाख | 50 | 21 | 0 | 0 | 30 | 27 |
| कर्नाटक | 508 | 361 | 260 | 219 | 959 | 123 |
| केरल | 546 | 269 | 263 | 165 | 85 | 77 |
| मध्य प्रदेश | 1115 | 854 | 1289 | 953 | 7815 | 2547 |
| महाराष्ट्र | 1117 | 736 | 364 | 247 | 5029 | 3009 |
| मणिपुर | 407 | 309 | 200 | 122 | 0 | 0 |
| मेघालय | 30 | 23 | 140 | 100 | 0 | 0 |
| ओडिशा | 413 | 262 | 610 | 507 | 549 | 150 |
| पांडिचेरी | 34 | 19 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| पंजाब | 471 | 326 | 480 | 251 | 839 | 369 |
| राजस्थान | 1129 | 814 | 799 | 483 | 3456 | 772 |
| सिक्किम | 155 | 132 | 25 | 18 | 25 | 25 |
| तमिलनाडु | 632 | 474 | 347 | 276 | 615 | 515 |
| तेलंगाना | 441 | 264 | 130 | 46 | 410 | 244 |
| त्रिपुरा | 419 | 310 | 210 | 157 | 285 | 22 |
| उत्तर प्रदेश | 3109 | 2325 | 2177 | 1383 | 10730 | 2589 |
| उत्तराखंड | 180 | 132 | 325 | 198 | 497 | 172 |
| पश्चिम बंगाल | 1044 | 482 | 223 | 166 | 110 | 107 |
| **कुल** | **18,156** | **12,513** | **13,375** | **8,157** | **37,407** | **13,081** |

| राज्यवार विवरण- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
| | प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्ति | रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति | प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्ति | रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति | प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्ति | रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्ति |
| आंध्र प्रदेश | 839 | 0 | 850 | 0 | 15 | 0 |
| असम | 488 | 101 | 0 | 0 | 539 | 114 |
| बिहार | 446 | 97 | 216 | 0 | 390 | 0 |
| छत्तीसगढ़ | 377 | 115 | 242 | 0 | 0 | 0 |
| दिल्ली | 47 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| गुजरात | 415 | 0 | 290 | | 62 | 24 |
| हरियाणा | 0 | 0 | 728 | 0 | 479 | 317 |
| हिमाचल प्रदेश | 568 | 0 | 0 | 0 | 225 | 168 |
| जम्मू-कश्मीर | 0 | 0 | 319 | 0 | 90 | 77 |
| झारखंड | 426 | 297 | 29 | 0 | 320 | 22 |
| कर्नाटक | 0 | 0 | 180 | 134 | 210 | 0 |
| केरल | 0 | 0 | 0 | 0 | 88 | 72 |
| मध्य प्रदेश | 898 | 167 | 1328 | 155 | 3146 | 889 |
| महाराष्ट्र | 93 | 26 | 480 | 71 | 1244 | 125 |
| ओडिशा | 49 | 42 | 604 | 275 | 298 | 55 |
| पंजाब | 782 | 295 | 1215 | 123 | 245 | 133 |
| राजस्थान | 0 | 0 | 89 | 56 | 1489 | 392 |
| तमिलनाडु | 0 | 0 | 429 | 0 | 110 | 27 |
| तेलंगाना | 0 | 0 | 676 | 145 | 135 | 0 |
| त्रिपुरा | 0 | 0 | 180 | 111 | 0 | 0 |
| उत्तर प्रदेश | 929 | 647 | 1043 | 762 | 2430 | 236 |
| उत्तराखंड | 190 | 93 | 0 | 0 | 180 | 0 |
| पश्चिम बंगाल | 904 | 94 | 374 | 163 | 423 | 51 |
| **कुल** | **7,451** | **1,974** | **9,272** | **1,995** | **12,118** | **2,702** |

*****